दिन– बुधवार	दिनांक– 12 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के आठवें दिन आज विधान परिषद में राज्य में कानून व्यवस्था और महिला सम्मान तथा सुरक्षा के मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस भी हुयी। राबड़ी देवी ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद को सवाल पूछने से पहले अपने शासनकाल की स्थिति याद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काफी कुछ किया है। श्री कुमार ने कहा कि वे सदन में वर्ष दो हजार पांच से पहले और उसके बाद की स्थिति पेश करेंगे, ताकि लोगों को वास्तविकता का पता चल सके। मुख्यमंत्री के बयान पर नाराजगी जताते हुए विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

इधर, विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चर्चा की मांग को लेकर कार्यस्थगन का प्रस्ताव दिया, जिसे विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने खारिज कर दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन के बीचो–बीच आकर नारे लगाने लगे। हालांकि बाद में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाकपा माले विधायकों ने बंदोपाध्याय कमिटी की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर विधान मंडल परिसर में प्रदर्शन किया। इसके अलावा राजद सदस्यों ने कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विधानसभा पोर्टिको में सरकार विरोधी नारेबाजी की।

——————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मॉरीशस के राष्ट्रपति को मखाना भेंट किये जाने पर राज्य के मखाना उत्पादकों, किसानों और निर्यातकों ने प्रसन्नता जताई है। इन लोगों ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंचों पर मखाना के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं और इस सुपरफूड को बढ़ावा दे रहे हैं।

——————————————————

होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अश्लील गानों के बजाने पर प्रतिबंध लगाने और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तुरंत केस दर्ज करने और शांति समिति की बैठकें आयोजित करने को कहा गया है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से चौंतीस डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। आज चौंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले से तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

————————————————————

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलबनिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन भाई–बहनों की मौत हो गयी। वहीं, बच्चों के पिता और एक अन्य बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। स्थानीय लोगों के अनुसार जहरीली दूध पीने से सभी की मौत हुयी है। मामले की जांच जारी है।

————————————————————

वैशाली जिले के सहदेई थाना क्षेत्र के बाजीतपुर–चकस्तुरी गांव में एक तलाब में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत हो गयी।

————————————————————

मद्य निषेध विभाग की टीम ने पटना के रामकृष्ण नगर और अगमकुंआ थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पैंतीस लाख रूपये मूल्य की प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद की है। मौके से तीन लोगाों को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।